सलमान खान की सिफारिश नहीं, इस खास वजह से
मौनी रॉय को मिला डेब्यू फिल्म का ऑफर

टीवी शो 'नागिन' से मशहूर हुई एक्ट्रेस मौनी रॉय जल्द ही बॉलीवुड डेब्यू करने जा रही हैं। 'देवों के देवः महादेव' की एक्ट्रेस मौनी बी-टाउन के खिलाड़ी अक्षय कुमार की आगामी फिल्म 'गोल्ड' की लीड एक्ट्रेस होंगी। ऐसी अफवाहें थी कि मौनी को यह रोल बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान की सिफारिश के बाद मिला है। लेकिन फिल्म 'गोल्ड' के निमार्ता रितेश सिधवानी का कहना है कि मौनी को फिल्म में उनकी प्रतिभा के चलते लिया गया है, न कि किसी की सिफारिश पर। वेब सीरीज 'इनसाइड एज' की सक्सेस पार्टी में उपस्थित रहे रितेश सिधवानी ने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो किसी ने उनकी सिफारिश नहीं की। वह टैलेंटेड हैं. यह कहकर कि किसी ने उसकी सिफारिश की है, उनकी प्रतिभा को नजरअंदाज करना होगा। इसके लिए उन्होंने शानदार ऑडिशन दिया था।'उन्होंने आगे कहा, 'फरहान (अख्तर), रीमा (कागती) सभी ने उनका ऑडिशन देखा और हमने उन्हें चुना, जैसे अन्य कलाकारों को चुनते हैं। ऑडिशन देने के बाद वह फिल्म का हिस्सा बनीं, सिफारिश के आधार पर नहीं।' उन्होंने इस बात की भी पुष्टि की है कि फिल्म में मौनी, अक्षय कुमार के साथ महत्वपूर्ण भूमिका में हैं और इस समय लीड्स में फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। उन्होंने बताया कि लीड्स में फिल्म की शूटिंग अगस्त के अंत तक चलेगी. रितेश के मुताबिक, 'इसके बाद हम पंजाब में फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे, लेकिन 'गोल्ड' अगस्त, 2018 में रिलीज होगी।'

सैफ के साथ वेब सीरीज करेंगी राधिका

अभिनेत्री राधिका आप्टे सैफ अली खान के साथ जहां निमार्ता निखिल आडवाणी की फिल्म बाजार में नजर आने वाली हैं, वहीं खबर है कि सैफ के साथ वह एक वेब सीरीज में भी काम करने वाली हैं। जी हां, खबर है कि राधिका सैफ के साथ स्क्रैड गेम्स नामक एक वेब सीरीज में काम करेंगी, जिसमें इन दोनों के अलावा नवाजुद्दीन सिद्दीकी की भी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इसमें राधिका के किरदार को लेकर तो अब तक कोई खुलासा नहीं किया गया है, मगर बताया जा रहा है कि यह वेब सीरीज एक नॉवेल पर आधारित होगी और इसमें राधिका का किरदार भी लाजवाब होगा। आपको बता दें कि पिछले साल एक के बाद एक कई फिल्मों में नजर आईं राधिका की इस साल अब तक कोई फिल्म प्रदर्शित नहीं हुई है, मगर वह दो बड़ी फिल्मों में नजर आने वाली हैं, जिनमें बाजार व पैडमैन जैसी फिल्मों के नाम शामिल हैं। आर.बाल्की के निर्देशन में बन रही फिल्म पैडमैन की प्रदर्शन तारीख तो अभी तय नहीं है, मगर कहा जा रहा है कि राधिका की बाजार इस साल दिसंबर में प्रदर्शित होगी, जिसमें चित्रांगदा सिंह भी अहम किरदार में हैं।

'फुकरे रिटर्न्स' को लेकर उत्साहित हैं प्रिया आनंद

अभिनेत्री श्रीदेवी की मुख्य भूमिका वाली फिल्म इंग्लिश विंग्लिश के जरिये बॉलीवुड में अपने अभिनय पारी को शुरूआत करने वाली साउथ फिल्मों की चर्चित अदाकारा प्रिया आनंद जहां रंगरेज तथा फुकरे जैसी हिंदी फिल्मों में नजर आई थीं, वहीं अब वह फुकरे के सिक्वल फुकरे रिटर्न्स में नजर आने वाली हैं और इसे लेकर वह काफी उत्साहित हैं। जी हां, हाल ही में दिए अपने एक इंटरव्यू में प्रिया आनंद ने बताया कि मैं जहां भी जाती हूं, लोग मुझसे फिल्म फुकरे के बारे में बात करते हैं और फिर इसकी सिक्वल फुकरे रिटर्न्स को लेकर सवाल पूछते हैं, क्योंकि यह एक मजेदार फिल्म है और यही वजह है कि इसे लेकर मैं खुद उत्साहित हूं। उन्होंने बताया कि मैं एक साथ तमिल,तेलुगु,मलयालम व कन्नड़ के साथ-साथ हिंदी जैसी पांच इंडस्ट्री में काम कर रही हूं और फिल्मों में मिल रहे अलग-अलग किरदार निभाकर खुश हूं। प्रिया ने बताया कि इस साल मेरी साउथ में कुल चार फिल्में प्रदर्शित हो चुकी हैं, जिनमें से एक तमिल फिल्म हाल ही में प्रदर्शित हुई है और अब मेरी बॉलीवुड फिल्म फुकरे रिटर्न्स आने वाली है और इन सभी फिल्मों में मुझे चुनौतीपूर्ण किरदार निभाने को मिले। खैर, आपको बता दें कि फुकरे रिटर्न्स आठ दिसंबर को प्रदर्शित होने वाली है, जिसमें रिचा चड्ढा भी हैं।

अली असगर ने दिए 'द कपिल शर्मा शो' में वापसी के संकेत!

कॉमेडियन कपिल शर्मा के लिए शो की टीआरपी गिरने से लगातार मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं. कपिल शर्मा ने अपने शो की टीआरपी को बढ़ाने के लिए कई नई कोशिशें की हैं, लेकिन सुनील ग्रोवर और अली असगर के समय की कॉमेडी का जादू वह शो के दोहरा नहीं पा रहे हैं। अली असगर ने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में कहा था कि कपिल शर्मा के शो से जाने की वजह उनके किरदार में बदलाव नहीं होना है। ताजा इंटरव्यू में अली असगर ने इस बात के संकेत दिए हैं कि वह कपिल शर्मा के शो में वापस आ सकते हैं। अंग्रेजी अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया को दिए इंटरव्यू में अली असगर ने कहा, 'मैंने कोई कसम नहीं खाई है कपिल शर्मा के साथ काम नहीं करने की। कपिल शर्मा हमारी नाव के कैप्टन थे और वह आइडिया काम नहीं कर पाया।'अली असगर की कपिल शर्मा के शो में 'दादी' का किरदार निभाने के लिए खास पहचान थे. अली ने बताया है, 'मैं दादी का किरदार ज्यादा समय से निभा रहा था और इससे अब मैं खुश नहीं था।' आपको बता दें कि अली असगर ने 'द कपिल शर्मा शो' के बाद कपिल के राइवल कृष्णा अभिषेक का शो ज्वाइन किया है। अली बार-बार यह भी कहते रहे हैं कि कपिल शर्मा उनके अच्छे दोस्त हैं। ऐसे में अली के इस बयान के बाद शायद उनकी कपिल के शो में वापसी हो सकती है।

१७ अगस्त को प्रदर्शित होगी 'पाकिस्तान में जय श्रीराम'

आतंकवाद की समस्या विश्वव्यापी है। हिंदुस्तान-पाकिस्तान इससे अछूते नहीं हैं। जेहाद के नाम पर रह-रहकर दोनों देशों में दशकों से जबरदस्त तबाही मचाई जाती रही है। इससे निपटने के इंतजाम फौरी राहत तो दे देते हैं, पर अब तक आतंकियों व कथित जेहादियों का समूल नाश नहीं हुआ है। बहरहाल निमार्ता भुपेन्द्र विजय सिंह की नयी भोजपुरी फिल्म पाकिस्तान में जयश्रीराम की कहानी का केंद्र भी यही है। जो १५ अगस्त से बिहार और झारखंड में प्रदर्शित होने जा रही है। इस फिल्म का निर्माण राजपूत फिल्म फैक्ट्री के तहत निमार्ता भुपेन्द्र विजय सिंह और बबलू एम गुप्ता ने किया है जबकि निर्देशक हैं रमाकांत प्रसाद। फिल्म पाकिस्तान में जय श्रीराम की खूबी है कि यह फिल्म देशभक्ति के दायरे में दौड़ने की कोशिश नहीं करती। हां, जरूरत के अनुसार देश, राष्ट्रीय ध्वज़, भारत सरकार सभी का उल्लेख होता है। इस फिल्म में विक्रांत और मोनालिसा की जोड़ी साथ नजर आयेगी। फिल्म का संगीत और संवाद भी तैयार किया है खुद निर्देशक रमाकांत प्रसाद ने। फिल्म को कैमरे में कैद किया है राम के. सी. और इमरान ने। जबरदस्त मारधाड़ से भरी इस फिल्म के एक्शन को निर्देशित किया है हीरा यादव ने जबकि फिल्म के कार्यकारी निमार्ता हैं गौरव सिंह । फिल्म के नृत्य निर्देशक हैं संजय कोरबे, ज्ञान सिंह और मोना किट्टी। कथा पटकथा वीरू ठाकुर और सरोज पंडित ने तैयार किया है। विक्रांत सिंह राजपूत तथा मोनालिसा के अलावा नेहा सिंह, अवधेश मिश्रा, हीरा यादव, धामावर्मा, बालगोविन्द बंजारा, प्रेमप्रधान, उल्हास कुडवे और सोनिया मिश्रा की मुख्य भूमिका है।

लॉफिंग ज़ोन

मेहमान, 'मैं कल जा रहा हूं। आपको कुछ बुरा तो लग रहा होगा।'

मेजबान, 'जी हां, लग तो रहा है। मैंने सोचा था कि आप आज ही चले जाएंगे।'

□ □ □

अध्यापक, 'कारण और परिणाम का बहुत गहरा संबंध हैं और यह तो सब जानते ही हैं कि बगैर मुर्गी के अंडा पैदा नहीं कर सकता।'

बंटू (बात को काटते हुए), 'मेरे पिताजी कर सकते हैं।'

अध्यापक, 'कैसे?'

बंटू 'उन्होंने जो बतख जो पाल रखी हैं।'

□ □ □

नौकर (मालिक से), 'अब मैं यहां काम नहीं करूंगा। मुझे यहां ऐसा खाना मिलता है जिस कुत्ते भी नहीं खा सकते।' मालिक, 'ठीक है, अब से तुम्हें ऐसा खाना दिया जाएगा जिसे कुत्ते खा सकते हों।'

□ □ □

एक मूर्ख किसी भी हंसने वाली बात पर तीन बार हंसता था। किसी ने कारण पूछा तो वह बोला, 'पहली बार मैं आप हंसता हूं। दूसरी बार तब हंसता हूं जब बात मेरी समझ में आ जाती है और तीसरी बार तब हंसता हूं जब मुझे अपनी बेवकूफी की याद आती है।'

स...स...सन्नाटेदार

शब्दजाल - 3125

म	क	मु	ग	ल	ए	आ	ज	म	ल	य
द	वि	ल	प्रे	व	जी	स	द	ह	कां	ड़
र	स	ल	म	दी	छ	स	आ	र्म	ख	क
इं	स	ल	न	दि	वा	स	ध	ल	श	क
डि	आ	दो	ग	ल	ज	ना	तू	ग	झ	क
या	ल	द	र	दि	झ	उ	ती	ण	घ	क
ती	व	ल	मी	या	प	बै	जू	बा	व	रा
क	एं	ऊ	ई	द	ब	क	फ	ए	श	क
क	ड	ल	प	र्द	गी	स	री	औ	प	आ
क	गॉ	ल	प	लि	जी	त	ऐ	ओ	प	द
क	ड	ल	प	या	प	स	व्य	ब	प	म

शब्द जाल में नौशाद द्वारा संगीतबद्ध 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

प्रेमनगर, बैजू बावरा, दीवाना,मदर इंडिया,दिल दिया दर्द लिया, आदमी,धर्मकांटा,लव एंड गॉड, मुगल ए आजम, गीत.

शब्दजाल - 3124 का हल

भो	क	ल	व	ग	ब	ना	क	प	ल	क
र	वि	ल	न	व	जी	ग	द	इ	ट	ली
त	स	र्म	ल	र्म	छ	पु	रा	रा	ख	क
क	ज	ज	य	पु	र	न	प	न	ल्ली	क
क	क	दो	ग	श्री	लं	का	तू	ग	झ	क
जी	क	ल	प	ह	झ	पू	ना	ण	घ	को
ती	आ	स्ट्रे	लि	या	प	ल	श	र	ला	ल
क	ता	दा	ई	धा	ब	क	फ	लो	श	पा
ने	वा	चे	न्न	ब्रा	जी	ल	री	ग	प	कि
द	पा	ल	प	व	जी	र्त	ऐ	वें	प	स्ता
क	क	ल	प	ची	न	रा	बा	द	प	न

मंगल सैंचा,बेंगलोर

सूडोकु नववाल- 3125

मध्यम

			9		7			
					3	5		
	7	2				6		
8	1							7
				7				
5							6	3
		6				2	8	
		3	4					
			1		9			

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

सूडोकु नववाल -3124 का हल

3	6	5	4	1	7	9	2	8
1	4	7	8	2	9	3	6	5
8	9	2	5	6	3	7	1	4
6	3	4	9	5	1	2	8	7
5	2	1	7	4	8	6	3	9
9	7	8	6	3	2	4	5	1
4	5	9	3	8	6	1	7	2
7	1	3	2	9	5	8	4	6
2	8	6	1	7	4	5	9	3

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

काकुरो पहेली - 3125



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः

काकुरो - 3124 का हल

MANGAL SENCHA,P.B.NO.3909, BANGALORE-39

फिल्म वर्ग पहेली- 3125



ऊपर से नीचेः-

1. नसीरूद्दीनशाह, जैकीश्रॉफ, नगमा की फिल्म-2
2. करणनाथ, मनीषा नतान्यासिंह की 'क्यूं मेरा दिल' गीत वाली फिल्म-2
3. अमिताभ, वहीदा, जीनत की फिल्म-3
4. ऋषिकपूर, श्रीदेवी की 'बदली है ना बदलेगी' गीत वाली फिल्म-4
5. देवानंद, मधुबाला की फिल्म-3
6. 'बनाकेक्यूं बिगाड़ा रे' गीत वाली फिल्म-3
9. अमिताभ, संजयदत्त, अक्षयखन्ना, अमृता राव की फिल्म-3
11. 'यारा ओ यारा' गीत वाली फिल्म-2
12. 'खाई है रे हमने' गीत वाली राजेंद्र, शर्मिला की फिल्म-3
13. फिल्म 'सपने साजन के' की नायिका-3
14. राजकपूर, दिलीपकुमार, नर्गिस की 'झूम झूम के नाचो आज' गीत वाली फिल्म-3
16. 'हैलो हैलो बोल के' गीत वाली फिल्म-3
18. सनी देओल, सुष्मिता सेन की 'मैं अपना नाम भूला' गीत वाली फिल्म-2
21. 'मेरे तो गिरधर गोपाल' गीत वाली फिल्म-2
22. मनोजकुमार, साधना की फिल्म-4
23. 'जो उनकी तमन्ना है' गीत वाली फिल्म-4
24. राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-2
26. 'सुना था देखा ना था' गीत वाली आफताब, उर्मिला की फिल्म-2
27. अमिताभ, रितिक, प्रीति की फिल्म-2
28. 'फूलों से जो खुशबू आए' गीत वाली फिल्म-2

बायें से दायें:-

1. सैफअली खान, रानी मुखर्जी की 'सांसों को सांसों में ढलने दो' गीत वाली फिल्म-2,2
4. 'रंग भरे मौसम से रंग चुराके' गीत वाली जैकी श्रॉफ, जूही चावला की फिल्म-3
7. गोविंदा, मनीषा की 'ठहरो तो सही सोचो तो जरा' गीत वाली फिल्म-4
8. 'संडे की रात थी' गीत वाली गोविंदा, रवीना की फिल्म-3
10. ऋषिकपूर, शाहरूख, दिव्या भारती की 'तेरी उम्मीद तेरा इंतजार' गीत वाली फिल्म-3
11. फिल्म 'मनोरंजन' में शम्मीकपूर के साथ नायिका कौन थी-3
14. सलमान, सोमी की 'दिल मेरा यहां' गीत वाली फिल्म-2
15. 'कब के बिछड़े हुए' गीत वाली अमिताभ, जीनत अमान की फिल्म-4
17. अमजद खान, बिंदिया गोस्वामी की 'दिल के टुकड़े टुकड़े' गीत वाली फिल्म-2
18. 'मेरे खयालों की मलिका' गीत वाली शाहरूख, चंद्रचूड़, ऐश्वर्या, प्रिया की फिल्म-2
19. सुनील शेट्टी, रंभा की 'कहां गये ममता' गीत वाली फिल्म-2
20. 'तुम भी चलो' गीत वाली अमिताभ, विनोद खन्ना, सायरा बानो की फिल्म-3
25. अमिताभ, अरशद वारसी, करिश्मा, विजय शांति की फिल्म-4
26. 'ये दुनियावाले' गीत वाली देवानंद, आशा पारेख की फिल्म-3
29. धर्मेन्द्र हेमा की 'दुनिया जब' गीत वाली फिल्म-2
30. अक्षयकुमार, सुनील शेट्टी, करिश्मा, सोनाली की फिल्म-3

फिल्म वर्ग पहेली- 3124 का हल

दी	वा	ने		फू	ल	औ	र	कां	दे
वा		हा	सि	ल		जा		टे	
र	न		र्फ		शे	र	नी		झु
	सी		तु	म			य	ती	म
श	व	न	म		स	पू	त		रू
त		र्ि		जू		र्ण		तू	
र		स	हे	ली		मा	ई	ल	व
ज	या		रा		ज		मा		र
	रा	ज	म	ह	ल		न		दा
ली	ना			म	वा	ली		डॉ	न

■ मंगल सैंचा, बेंगलोर

अष्टयोग-3125

5	6		4	1		3
	35	3	31		27	
4		7			5	2
	31	6	40		30	
2	3			4	1	6
	27	4	37		35	
	5	1			2	

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 3124 का हल

4	3	1	5	2	7	6
1	24	4	29	6	34	2
5	4	2	6	3	1	7
2	33	6	38	7	28	3
6	5	3	7	4	2	1
7	38	5	36	5	28	4
3	2	7	4	1	6	5

शब्द पहेली - 3125

बाएँ से दाएँ

1. समाचार पत्र-4
3. माफ, डिस्मिस्ड, रफा-दफा-3
5. मारवाड़ की भाषा, एक व्यापारी कौम-4
8. सूर्य-2
10. एक कृषक जाति-2
11. रवि-3
13. अभिनय गति-2
14. दामाद-3
15. एक फूल-3
17. सुनने की इन्द्री-2
19. मोड़-2
20. चमड़ा-2
21. कामदेव की पत्नी-2
23. पंचों की बैठक-4
25. बहार, मेघागम-3
26. यक्षों का नगर-4

ऊपर से नीचे

1. शब्द-3
2. लक्ष्मी-2
3. खलीज, उपसागर-2
4. तालाब-4
6. रूईदार दुलाई जो ओढने व बिछाने के काम आती-3
7. बिजली के प्रकाश व चालक शक्ति की इकाई (अंग्रेजी में)-2
9. बँटवारा, विभाग करना-4
12. जाहिर करने वाला सदृस्य, जैसे 'खुश...'-2
13. चुनौती-4
16. इन्कार-2
17. सफल-4
18. वक्त-3
20. पिता के भाई-2
22. एक पक्षी-3
23. हवा देने वाला एक साधन-2
24. निश्चित-2

शब्द पहेली -3124 का हल

व	नि	ता		न	मा	ज		म	
	ग		आ	व	ला		अ	दा	
प	ह	ना	वा		मा	ल	दा	र	
द्ध		ध	रा	त	ल		ल		
नि	गु	ना		र		क	त	रा	
	ण		क	स	र	त		ज	
स	रा	प	न		म	ली	नी	न	
न	न		क	रो	ती		व		
म		ब	ना	ना		प	त	न	

■ मंगल सैंचा, बेंगलोर